<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2051

10 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

देश से इस्पात का निर्यात

2051. श्री इलामारम करीमः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विगत वर्ष की तुलना में हाल के समय में देश से इस्पात के निर्यातों में कमी आई है;

(ख) क्या भारत से इस्पात के आयात के संबंध में अमेरिकी नीतियों का देश के निर्यातों पर कोई प्रभाव पड़ा है;

(ग) इस वजह से इस्पात निर्यात में कितनी कमी आई है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान इस्पात निर्यातों से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई, तत्संबंधी वर्ष-वार आंकड़े क्या हैं; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान इस्पात आयात, यदि कोई हो, हेतु कितनी धनराशि का व्यय किया गया था?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): जी हां।

(ख) और (ग): अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत सुरक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के कारण, भारत से अमेरिका को इस्पात का निर्यात वर्ष 2017-18 में 0.4 एमटी से घट कर वर्ष 2018-19 में 0.1 एमटी रह गया है।

(घ) और (ड.): गत तीन वर्षों के दौरान कुल फिनिश्ड इस्पात (अलॉय/ स्टेनलेस + नॉन अलॉय) के निर्यात और आयात का मूल्य नीचे दिया गया है:

वर्ष	**निर्यात (करोड़ रूपये)**	**आयात (करोड़ रूपये)**
2016-17	35265	34104
2017-18	46629	39484
2018-19*	33153	49317
स्रोत: जेपीसी ;*अनंतिम		

***